NATIONAL SENIOR CERTIFICATE EXAMINATION
NOVEMBER 2019

# HINDI SECOND ADDITIONAL LANGUAGE: PAPER I

Time: 2 hours 100 marks

---

**PLEASE READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY**

1. This question paper consists of 7 pages. Please check that your question paper is complete.
2. Read the instruction to each question carefully.
3. Answer all sections.
4. All answers must be written in the Hindi script.
5. You may use the last 4 pages of the Answer Book for rough work. Cross out all rough work before handing in your Answer Book.
6. It is in your own interest to write legibly and to present your work neatly.

---

IEB Copyright © 2019

## भाग क

## प्रश्न एक

# छत्रपति शिवाजी

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्यों में हिन्दी में लिखिए ।

**भारत की भूमि पर जन्मे वीरों की शौर्य गाथायें राष्ट्रवासियों के गौरव की सूचक हैं। छत्रपति शिवाजी मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे। युगों तक भारत भूमि इनके बलिदान की ऋणी रहेगी।**

**छत्रपति शिवाजी का जन्म सन् 1627 ई. में पूना के निकट शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। इनकी माता जीजाबाई एक धार्मिक विचारों की महिला थीं। छत्रपित शिवाजी के चारित्रिक निर्माण में उनकी माता जीजाबाई का विशेष योगदान था। अपनी माँ से उन्होंने स्त्रियों और सब धर्मों का सम्मान करना सीखा।**

**आवश्यकता आविष्कार की जननी है। जब आवश्यकता होती है तो उसे पूरा करने का कोई न कोई साधन भी मिल जाता है। इसी प्रकार जब देश और समाज में अत्याचार बढ़ जाते हैं तो उन्हें दूर करने वाला कोई न कोई वीर अवश्य जन्म लेता है। मुग़ल अत्याचार बढ़ रहे थे। हिन्दुओं से कर लिया जाता था। उन्हें अपमानित किया जाता था। राजपूत राजा भी बहुत कमजोर थे। उनमें मुग़ल बादशाहों का मुकाबला करने की शक्ति नहीं थी। ऐसी परिस्थितियों में हिन्दू धर्म के रक्षक शिवाजी का जन्म हुआ था।**

**पालन-पोषण- शिवाजी का पालन-पोषण जीजाबाई ने किया था। वह शिवाजी को महापुरूषों की कथाएँ सुनाती थीं। उसने धर्म और जाति की रक्षा का भाव शिवाजी में कूट कूट कर भर दिया था। शिवाजी पर उनकी माता की शिक्षाओं का बहुत प्रभाव पड़ा।**

**बाल्य काल- शिवाजी ने बचपन से ही तीर-तलवार चलाना, भाले बरछे चलाना, घुड़सवारी करना और नकली युद्ध करना शुरू कर दिया था। उनके दादा कोंडदेव ने इस युद्ध कौशल और शासन प्रबंध में निपुण कर दिया था। 19 वर्ष की छोटी सी आयु में शिवाजी ने बीजापुर के आस पास के कई किले जीत लिए थे।**

**अफ़ज़ल खाँ की हत्या- शिवाजी की बढ़ती ताकत को रोकने के लिए बीजापुर के शासक ने अपने सेनापति अफ़ज़ल खाँ को भेजा। अफ़ज़ल खाँ ने शिवाजी को पकड़ने का प्रयत्न किया, पर वह इसमें सफल नहीं हुआ। अफ़ज़ल खाँ ने छल कपट से शिवाजी को पकड़ने की चाल चली। शिवाजी को इसका पता चल गया। उन्होंने अफ़ज़ल खाँ पर छुरे से वार कर उसे मार गिराया।**

IEB Copyright © 2019

**शिवाजी की शक्ति को कुचलने के लिए औरंगजेब ने अपने सेनापति शाइस्ता खाँ को भेजा। शिवाजी ने उसे भी मार दिया। औरंगजेब ने इस बार अपने सेनापति जयसिंह को भेजा। जयसिंह के कहने पर शिवाजी आगरा जाने के लिए तैयार हो गए। वहाँ औरंगजेब ने उन्हें बन्दी बना लिया, पर शिवाजी बड़ी चतुराई से औरंगजेब के बन्दी गृह से भाग गए।**

**शिवाजी ने आगरा से लौटकर बहुत से और प्रदेश जीत लिए। उन्होंने सन् 1676 में अपना राज्य तिलक करवाया। रायगढ़ को उन्होंने अपनी राजधानी बनाया। सन् 1680 ई. में 53 वर्ष की आयु में रायगढ़ में ही उनका निधन हो गया।**

[Source: <www.Hindivarta.com>]

१.१ छत्रपति शिवाजी का जन्म कब और कहाँ हुई **?** (२)

१.२ शिवाजी का बाल्य काल का वणर्न कीजिए **?** (४)

१.३ अफज़ल खां ने क्या किया **?** (४)

१.४ औरंगजेब ने अपने सेनापति शाइस्ता खाँ को क्यों भेजा **?** (२)

१.५ *"पालन पोषण "* अपने शब्दों में हिन्दी में समझाइए **?** (४)

१.६ *"आवश्यकता आविष्कार की जननी है "* अपने शबदों हिन्दी में समझाइए **?** (४)

**[२०]**

## प्रश्न दो

२. दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखो ।

**२.१ कोष्ठक में से उचित उत्तर चुनकर लिखिए ।**

२.१.१ पानी जीवन ____ *( की , का , के ) सहारा* है । (२)

२.१.२ संयोग ____( में ,को ,से ) आ कि । (२)

२.१.३ युधिष्ठिर अपने कार्य ____ ( पर ,से , में ) व्यस्त थे । (२)

**२.२ ईन शब्दों की स्त्रिलिंग शब्द लिखिए ।**

२.२.१ दुलहा (२)

२.२.२ धोबी (२)

**२.३ नीचे लिखे वाक्यों को कम से लिखो ।**

२.३.१ युध्द महाभारथ का हुआ । (२)

२.३.२ किनारे है सड़क के घर मेरा । (२)

**२.४ ईन शब्दों को बहुवचन में लिखिए ।**

३.४.१ कमरा (२)

३.४.२ नदी (२)

**२.५ वाक्य का सही काल लिखिए । कोष्ठक में से उत्तर चुनिए ।**
**( भूतकाल वर्तमान काल भविष्यत काल)**

२.५.१ पिता जी कल डरबिन चले गए । (२)

२.५.२ हम लोग मई में शिरडी जाएँगे । (२)

२.५.३ गाड़ी स्टेशन जा रहा है । (२)

**२.६ शब्द समूहों के लिए एक शब्द लिखिए ।**

२.६.१ **जो मास में एक बार हो** । (२)

२.६.२ जिसके हृदय में दया हो । (२)

**[२८]**

IEB Copyright © 2019

**२.७ चित्र वर्णन ः निम्न चित्र को देखकर प्रश्नों का उत्तर दीजिए ।**
**चित्र वर्णन**




[Source: Good Morning Images]

२.७.१ यह कैसा सन्देश है ? (२)

२.७.२ *"उदास होने के लिए उम्र पड़ी है "*अपने शब्दों में समझाइए? (२)

२.७.३ यह सन्देश किसको बेजेगें ? बताओ क्यों (४)

२.७.४ चित्र क्या अर्थ बताते है ? (२)

२.७.५ मुस्कुराहट के पीछे क्या पड़ी हे ? अपने शब्दों में समझाइए? (२)

**[१२]**

**[६0]**

## भाग ख

### साहित्य

**प्रश्न ३ ः कविता**

**३.१ ध्वनि**

३.१.१ इस कविता का केन्द्रीय विचार पर अपने शब्दों मे समझाइए ? । (६)

**३.२ शक्ति और सौन्दर्य**

३.२.१ शक्ति ओर सौन्दर्य में क्यों तुलना की हैं ? इस पर चर्चा किजिए । (६)

**३.३ दीपक में पतंग जलता क्यों**

३.३.१ निम्नलिखित पंत्तियों अध्ययन करके कविता का अर्थ पर प्रकाश दालिए ?

" *दीपक में पतंग जलता क्यों* ?
प्रय की आभा में जीता फिर ।
दूरी का अभिनय करता क्यों ।
पागल रे पतंग जलता क्यों । " (६)

**३.४ केवट प्रसंग अथवा सुबोध सॉखियॉ - कबीरदास (answer either** ३.४.१ **or** ३.४.२**)**

३.४.१ **केवट प्रसंग** ः ।

इन चौपाइयों को अपने शब्दों में हिन्दी में समझाइए ।
*मॉगी नाव न केवटु आना । कहइ तुम्हार मरमु मै जाना ॥*
*चरन कमल रज कहुँसबु कहई । मानुष करनि मूरि कछु अहई ॥*
*छुअत सिला भइ नारि सुहाई । पाहन ते न काठ कठिनाई ॥*
*तरनिउ मुनि घरिनी होइ जाई । बाट परइ मोरि नाव उड़ाई ॥* (१0)

*अथवा*

३.४.२ **सुबोध सॉखियॉ -कबीरदास** ः इन दोहों को अपने शब्दों में हिन्दी में समझाइए ।

(क) "*परनारी राता फिरै , चोरी बिढ़िता खाहि ।*
*दिवस चारि सरसा रहै , अंति समूला जाहि ॥*" (५)

(ख) "*सांच बराबर तप नहीं , झूठ बराबर पाप*
*जिस हिरदय में सांच है , ता हिरदै हरि आप* " (५)

**[१0]**

IEB Copyright © 2019

**प्रश्न ४ ः कहानी**

**पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए ः**

४.१ **दुख का अधिकार** ः इस कहानी के मूल में आर्थिक विषमता की ओर संकेत किया गया है ? अपने शब्दों में सझाइए (१२)

अथवा

४.२ **काकी** ः "काकी" कहानी को संक्षेपमें लिखिए ? (६)

४.३ **चोरी** ः चोरी कहानी में चोरी के बारे में नन्दन क्या बोले और क्यों ? (६)

**[१२]**

**[४0]**

**Total: 100 marks**

IEB Copyright © 2019